Skill Development Programme
For Answer Writing
INTERNAL SECURITY
19 AUGUST 11:45 AM

प्र.1 हाल ही में समाचारों में रहा डोकलाम मुद्दा क्या है? भारत के उत्तर-पूर्वी इलाकों पर इसके प्रभाव को स्पष्ट करते हुए भारत द्वारा इससे निपटने के लिये किये जा रहे उपायों की समीक्षा करें।

(200 शब्द)

मॉडल उत्तर

भूमिका में निम्न बातों को शामिल करें-

- डोकलाम विवाद को बताते हुए इसकी त्रिकोणीय अवस्थिति को स्पष्ट करें।

विषय वस्तु के लिये निम्न बातों पर चर्चा करें-

⇨ **प्रथम पैरा में भारत के उत्तर-पूर्वी इलाकों पर इसके प्रभाव को बतायें, जिसमें-**

- चीन द्वारा डोकलाम तक सड़क निर्माण करने से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों का शेष भारत से अलग होना,
- इसके माध्यम से चीन द्वारा भारतीय सीमा में अवैध प्रवेश का प्रयास,
- भारतीय सीमा में प्रवेश के कारण युद्ध की स्थिति में भारत पर इसके विपरीत प्रभाव को बतायें।

⇨ **द्वितीय पैरा में भारत द्वारा इससे निपटने के उपायों को दर्शाएं, जिसमें-**

- डोकलाम क्षेत्र में सीमा-सुरक्षा बनाये रखना तथा सैन्य सशक्तिकरण,
- चीन से वार्ता के प्रयास जारी रखना,
- भूटान को अपने पक्ष में करने के प्रयास,
- अन्य मसलों पर चीन की वैश्विक घेराबंदी करने का प्रयास जारी रखना,
- वैश्विक महाशक्तियों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना, को दर्शाएं।

अंत में संक्षिप्त, संतुलित व सारगर्भित निष्कर्ष लिखें।